RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 10 अंक-43 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 14 नवम्बर से 20 नवम्बर 2023 पृष्ठ-8 मूल्य -2

## इंदौर में मोदी का रोड शो

# खुली जीप में सवार होकर डेढ़ किलोमीटर चले; देवी अहिल्या की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण






**मध्य प्रदेश विधानसभा के चुनाव प्रचार खत्म होने के ठीक एक दिन पहले यानी 14 नवंबर को इंदौर में भाजपा के चुनाव प्रचार की कमान खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संभाली। मंगलवार को मोदी ने इंदौर में 1.4 किलोमीटर छोटा मिनी रोड शो किया। 1.4 किलोमीटर के इस रोड शो को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। मप्र विधानसभा की 230 सीटों के लिए एक ही चरण में 17 नवंबर को वोट डाले जाने हैं। 17 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार 15 नवंबर की शाम 5 बजे थम जाएगा। चुनाव नतीजे 3 दिसंबर को आने हैं। मप्र चुनाव के लिए प्रचार अंतिम चरण में पहुंचा तो सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंदौर में खुली जीप में सवार हो कर रोड शो किया। उन्होंने पूरे रूट के दौरान हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन किया। सड़क के दोनों तरफ खड़े लोगों ने पीएम मोदी पर फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। रोड शो बड़ा गणपति मंदिर से शुरू होकर राजवाड़ा तक चला।

डेढ़ किलोमीटर का रोड शो करीब 55 मिनट का रहा। पीएम मोदी ने राजवाड़ा पर आखिरी में देवी अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। रोड शो के रूट में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। ड्रोन से निगरानी रखी गई। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में बड़ी चूक भी हुई। मोदी की गाड़ी के सामने भीड़ के दबाव से अचानक बैरिकेड गिर गया। इस वजह से ड्राइवर को इमरजेंसी ब्रेक लगाना पड़े।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड शो के पहले बड़ा गणपति मंदिर में जा कर भगवान गणेश के दर्शन किए थे। इसके बाद वो रथ पर सवार हुए और रोड शो की शुरूआत की। रोड शो के रूट पर लोगों ने अपने घर के बाहर उनके स्वागत में बैनर पोस्टर लगाए। मल्हारगंज थाने के सामने राम मंदिर की प्रतिकृति लगाई गई थी। इसके आलावा पोस्टर बैनरों पर धारा 370 और सर्जिकल स्ट्राइक का भी जिक्र किया गया था।

बीजेपी की महिला कार्यकर्ता कमल निशान की साड़ी पहने हुए रोड शो में शामिल हुई। कई बुजुर्ग महिला, पुरुष घर के बाहर बैठ कर पीएम मोदी का इंतजार करते रहे और जब प्रधानमंत्री उनके सामने पहुंचे तो पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मोदी को देखने के लिए अन्य विधानसभा के लोग भी राजवाडा पहुंचे। रोड शो के बाद महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने झाड़ू लगाकर साफ सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया।



### रोड शो तीन विधानसभा क्षेत्रों से गुजरा



रोड शो तीन विधानसभा क्षेत्र इंदौर-1, इंदौर-3 और इंदौर-4 से होकर गुजरा। कैलाश विजयवर्गीय के क्षेत्र इंदौर-1 में मोदी के रोड शो का सबसे लंबा रूट रहा। इंदौर-1 में बड़ा गणपति से लेकर खजूरी बाजार तक का आधा हिस्सा, खजूरी बाजार से राजवाड़ा तक का 300 मीटर का हिस्सा इंदौर-3 में पड़ा। गोराकुंड चौराहे के पास जाने वाली गली का इलाका पूरा इंदौर-4 में।

संपादकीय

# निर्माण से जुड़े खतरे

**उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में टनल में 40 मजदूर फंस गए। उन्हें बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। मजदूरों से संपर्क हो गया है और उन तक ऑक्सीजन की सप्लाई और भोजन पहुंचाया गया है। लेकिन ऐसे निर्माण कार्य से जुड़े खतरों ने एक बार फिर सबका ध्यान आकर्षित किया है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में रविवार तड़के जिस तरह से सिल्क्यारा सुरंग का एक हिस्सा धंस गया। इससे न सिर्फ इस हादसे में फंसे सभी 40 मजदूरों की जान बचाने की चुनौती खड़ी हो गई है बल्कि संवेदनशील क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण से जुड़े हादसों को देखते हुए इन पर अलग से विचार करने की जरूरत फिर से रेखांकित हुई है।**





संपादक-
गोपाल गावंडे

अच्छी बात यह है कि स्थानीय प्रशासन तत्काल सक्रिय हो गया। सुरंग में फंसे मजदूरों से संपर्क स्थापित करके यह पता कर लिया गया कि वे सभी सुरक्षित हैं। उन तक ऑक्सिजन और भोजन पहुंचाने की भी व्यवस्था की गई। इन तक पहुंचने के लिए मलबे हटाते हुए एक अलग सेफ पैसेज बनाने की कोशिश की जा रही है। निश्चित रूप से इस मामले में भी इस पर पूरे देश की नजरें टिकी रहेंगी कि कितनी जल्दी सभी 40 मजदूरों को सुरक्षित निकाला जाता है। मगर यह इस प्रकरण का केवल एक पहलू है। दूसरा उतना ही अहम पहलू है इस पहाड़ी राज्य में चलने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्टों और समय-समय पर होने वाले हादसों का। यह सुरंग बहुचर्चित चार धाम हाईवे प्रॉजेक्ट का हिस्सा है। इस प्रॉजेक्ट पर सवाल उठे थे और मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया था। सरकार ने उस वक्त शीर्ष अदालत में यह दलील दी थी कि देश के रक्षा हितों के मद्देनजर यह परियोजना जरूरी है।

इसी आधार पर सुप्रीम कोर्ट से प्रॉजेक्ट को मंजूरी भी मिली थी। यह बात ठीक भी है कि देश के रक्षा हितों से समझौता नहीं किया जा सकता। खैर, शुरुआती खबरों में इस हादसे को भूस्खलन का परिणाम बताया गया है, लेकिन फिलहाल राहत और बचाव कार्यों पर पूरा फोकस होने के कारण उस बारे में विस्तृत और प्रामाणिक सूचना नहीं आई है। यह सुनिश्चित करना होगा कि हादसे से जुड़ी तात्कालिक चुनौतियों से निपटने के बाद इसके कारणों से जुड़ी रिपोर्ट पर भी बारीकी से गौर करते हुए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। ध्यान रहे, पर्यावरण के जानकार हिमालय क्षेत्र में नए कंस्ट्रक्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण को लेकर आगाह करते आए हैं। कुछ समय पहले ही जोशीमठ में जमीन धंसने की घटनाओं को लेकर यह बात दोहराई गई थी। उस वक्त भी कहा गया था कि कुछ प्रॉजेक्ट्स की वजह से जमीन धंसने की प्रक्रिया तेज हुई है। यह बात भी सामने आई थी कि दशकों पहले की रिपोर्ट में संभावित हादसे को लेकर चेतावनी दी गई थी। इसी तरह के सवाल हिमाचल प्रदेश को लेकर भी उठाए जा चुके हैं। चिंता की बात यह है कि एक्सपर्ट्स की ऐसी तमाम सिफारिशें कुछ समय बाद धूल खाने लगती हैं। न तो विकास प्रक्रिया की रफ्तार पर उनका कोई खास असर दिखता है, न उसके स्वरूप में कोई बदलाव नजर आता है। सबसे बड़ी चुनौती आज भी यही है कि पहाड़ की खास जरूरतों को समझते हुए वहां के लिए विकास का नया ढांचा तय किया जाए।

राजनीति

# जब 100 प्रतिशत मतदान होगा तभी जनप्रतिनिधियों की गुणवत्ता में सुधार होगा

भारत आज वैश्विक पटल पर एक महत्वपूर्ण आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है एवं भारत विश्व को कई क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान करने की स्थिति में भी आ गया है। कुछ देश (चीन एवं पाकिस्तान सहित) भारत की इस उपलब्धि को सहन नहीं कर पा रहे हैं। वैश्विक स्तर पर समस्त विघटनकारी शक्तियां मिलकर भारत को तोड़ना चाहती हैं। इन विघटनकारी शक्तियों द्वारा भारत में जातीय संघर्ष खड़ा करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। जबकि भारत के कई सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक संगठन समस्त भारतीय समाज में एकजुटता बनाए रखना चाहते हैं ताकि भारत को एक बार पुन: विश्व गुरु बनाया जा सके। परंतु, आज विघटनकारी शक्तियों के निशाने पर मुखर रूप से हिंदुत्व, भारत एवं संघ आ गया है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने स्वयंसेवकों में राष्ट्रीयता का भाव विकसित किया है। संघ के स्वयंसेवक समाज की सज्जन शक्ति के साथ मिलकर समाज में जागरूकता लाने का प्रयास कर रहे हैं कि किस प्रकार इन विघटनकारी शक्तियों को परास्त किया जा सकता है। भारत में शीघ्र ही निर्वाचन काल प्रारम्भ होने जा रहा है। भारतीय लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए आज राष्ट्र को भारत माता के प्रति समर्पण का भाव रखने वाले नागरिकों की बहुत अधिक आवश्यकता है। अत: भारतीय समाज द्वारा निर्वाचन में 100 प्रतिशत मतदान किया जाय एवं राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत प्रत्याशी ही चुनाव जीत सकें, इसके लिए समाज को साथ लेकर भारतीय नागरिकों द्वारा विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। इस संदर्भ में भारतीय चुनाव आयोग द्वारा भी कई तरह के प्रयास समय समय पर किए जाते हैं ताकि देश के नागरिकों द्वारा 100 प्रतिशत मतदान किया जा सके। निश्चित ही 50 प्रतिशत नागरिकों द्वारा चुने गए प्रतिनिधि की तुलना में 90 अथवा 100 प्रतिशत नागरिकों द्वारा चुने गए प्रतिनिधि बेहतर प्रतिनिधि ही साबित होंगे। अत: अधिक से अधिक मतदान किया जाना आज समय की आवश्यकता है। इससे चुने गए प्रतिनिधियों की गुणवत्ता में तो सुधार होगा ही साथ ही, वर्तमान समय में भारत की आर्थिक प्रगति भी जारी रह सकेगी एवं भारत को विश्व गुरु के रूप में स्थापित होते हुए भी हम लोग देख सकेंगे।



कई बार विभिन्न दलों के समस्त प्रत्याशी कुछ मतदाताओं को पसंद नहीं आते हैं, इन परिस्थितियों में ऐसे मतदाताओं को नोटा का बटन दबाने का अधिकार रहता है। परंतु, कोई प्रत्याशी मतदाता की नजर में 100 प्रतिशत खरा प्रत्याशी होगा, ऐसा सम्भव भी तो नहीं है। इन परिस्थितियों में कम से कम बुरे प्रत्याशी को चुना जा सकता है। नोटा का बटन दबाकर तो कम बुरे प्रत्याशी के स्थान अधिक बुरा प्रत्याशी ही चुना जा सकता है। संघ के परम पूज्य सर संघचालक भी कहते हैं कि नोटा में हम लोग सर्वोत्तम को भी किनारे कर देते हैं और इसका फायदा सबसे बुरा उम्मीदवार ले जाता है। होना यह चाहिए कि हमारे पास जो सर्वोत्तम उपलब्ध है, उसे चुन लें। प्रजातंत्र में सौ फीसदी लोग सही मिलेंगे, ऐसा बहुत मुश्किल है। यह आकलन पूर्णत: सही ही कहा जा सकता है क्योंकि मतदाता भले ही नोटा दबा कर यह समझे कि उसने सभी उम्मीदवारों को अस्वीकार कर दिया है लेकिन शायद उसे यह नहीं पता होता कि इस से किसी ऐसे उम्मीदवार की कम अंतर से हार हो सकती है जो उन सबमे सबसे बेहतर हो। ऐसे में नोटा को गए वोट अगर उस हारे उम्मीदवार को जाते तो वह जीत सकता था। अगर इस कारण किसी बुरे उम्मीदवार की जीत हो जाती है तो फिर नोटा दबाने के कोई मायने ही नहीं रह जाते।

भारत में चुनावों पर हजारों करोड़ रुपए की राशि खर्च होती है। अत: केंद्र एवं राज्यों में मजबूत सरकारों का चुना जाना अति आवश्यक है, ताकि वे अपने 5 वर्ष के कार्यकाल को सफलता पूर्वक सम्पन्न कर सकें। यदि 100 प्रतिशत मतदान के साथ किसी भी सरकार को चुना जाता है तो निश्चित ही मजबूत सरकार होगी एवं वह अपना कार्यकाल पूर्ण कर सकने में सफल भी होगी और इस प्रकार मध्यावधि चुनावों की आवश्यकता ही नहीं रहेगी। इस प्रकार, देश के करोड़ों रुपयों के खर्च को बचाया जा सकेगा। इसलिए भारत में आज पढ़े लिखे एवं समझदार वर्ग को भी आगे आकर 100 प्रतिशत मतदान के लिए प्रयास करने चाहिएं, क्योंकि जिस प्रकार विभिन्न क्षेत्रों में भारत आज आगे बढ़ रहा है, यह कार्य लम्बे समय तक जारी रहना चाहिए। इजराइल के नागरिकों में देश प्रेम की भावना के चलते ही 3 लाख से अधिक नागरिकों ने आगे आकर सेना में भर्ती होने के वहां की सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार किया है। भारत में भी देश के प्रतिनिधि राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव रखने वाले ही होने चाहिए।

भारतीय समाज की एकजुटता के कारण ही आज भारत में रामसेतु का विध्वंस रुक सका है, जम्मू एवं कश्मीर में लागू धारा 370 एवं धारा 35ए हटाई जा सकी है, 500 वर्षों के लम्बे संघर्ष के बाद श्रीराम का भव्य मंदिर अयोध्या में निर्मित हो रहा है, जिसका उद्घाटन 22 जनवरी 2024 में पूज्य संत महात्माओं के साथ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद मोदी जी के कर कमलों द्वारा सम्पन्न होने जा रहा है। जी-20 देशों के समूह की अध्यक्षता आज भारत के पास है और भारत इस समूह के समस्त देशों को एकजुट बनाए रखने में सफल रहा है। भारत ने चन्द्रयान को चन्द्रमा के दक्षिणी भाग पर सफलता पूर्वक उतारने में सफलता हासिल की है एवं चन्द्रमा की सतह पर शिवशक्ति को अंकित करने में भी सफलता पाई है। भारत आज अपनी सीमाओं की मजबूती के साथ सुरक्षा करने में सफल हो रहा है। खेलों के क्षेत्र में भी नित नए झंडे गाड़े जा रहे हैं, हाल ही में चीन में सम्पन्न हुई एशियाई खेल प्रतियोगिताओं में भारत ने 107 पदकों को हासिल कर एक रिकॉर्ड बनाया है। इसी प्रकार नागरिकों को आज अच्छी सड़कें मिली हैं, पानी-बिजली की उपलब्धता बढ़ी है, राज्यों में विकास की यात्रा तेजी से आगे बढ़ रही है। राज्यों के चुनाव भी बहुत महत्वपूर्ण माने जाते हैं क्योंकि राज्य सभा सदस्य राज्य के विधायकों द्वारा ही चुने जाते हैं। इस दृष्टि से विभिन्न राज्यों के चुनाव में भी 100 प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

दीपावली के झगड़े में हत्या

# पटाखे फोड़ने से रोका; दो दिन बाद गैंग के साथ हमला, एक ने तोड़ा दम दूसरा गंभीर

**इंदौर के तिलकनगर में दीपावली के दिन हुए झगड़े के दो दिन बाद एक गैंग ने प्लानिंग के साथ युवकों पर हथियारों से लैस होकर हमला कर दिया। इस हमले में एक युवक ने दम तोड़ दिया। जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। जबकि कुछ को मामूली चोटें आई है। वहीं लोगो ने मौके पर भागकर अपनी जान बचाई।**

मामला तिलक नगर के आईडीए मल्टी का है। यहां आनंद पुत्र राजू शर्मा और अनिल पुत्र राजेश विश्वकर्मा पर अमन गिरी, श्रवण हिवराड़े सहित अन्य आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने हमला कर दिया। बताया जाता है कि आरोपियों ने आनंद के पेट, पीठ और जांघ पर चाकू मारे। वहीं अनिल बचाव करने गया तो उसे भी कमर और पीठ पर चाकू मार दिए। इस दौरान आनंद का भाई यश, जीतू, अजय और दिलीप के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की उन्होंने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। हमले में घायल आंनद की उपचार के दौरान एमवाय में मौत हो गई।

### दीपावली के दिन पटाखे जलाने से रोका था

आनंद के परिवार के लोगों ने बताया कि आरोपी दीपावली के दिन पटाखे जलाकर फेंक रहे थे। इस पर आनंद ने उसे रोका। दोनों के बीच कहासुनी हुई। इस दौरान एक दूसरे से हाथापाई की नौबत भी आ गई। रहवासियों ने समझाकर दोनों पक्ष को अलग-अलग कर दिया। इसके बाद से लगातार आरोपी इलाके में रेकी कर रहे थे। इसके बाद रात में आनंद और उसके दोस्त बाहर बैठे तब ही उन पर प्लानिंग के साथ हमला किया गया।

## डिप्रेशन के चलते सुसाइड सुबह चार बजे बाथरूम में लटकी मिली महिला



इंदौर में अलसुबह एक महिला का शव उसके घर की बाथरूम में फंदे पर लटका मिला। महिला काफी दिनों से डिप्रेशन में थी। बुधवार को पति उसे मायके से अपने घर लेकर आए। इसके बाद रात में महिला ने यह कदम उठा लिया। पुलिस के मुताबिक दोनों की शादी 10 साल पहले हुई थी। दोनों को एक बेटी भी है।

राजेन्द्र नगर पुलिस के मुताबिक घटना नालंदा परिसर की है। यहां रहने वाली भारती (32) पति दिनेश जायसवाल ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक सुबह करीब चार बजे के लगभग पति की नींद खुली तो भारती बेड पर नहीं थी। उसे ढूंढा तो वह बाथरूम में बैठी थी। पति ने उसका हाथ पकड़ा और उठाया तो उसके गले में फंदा लगा हुआ था। जिसके बाद पति तुरंत उसे एमवाय अस्पताल ले गया।

### मायके से कई दिनों बाद आई

दिनेश चोइथराम मंडी में काम करता है। दिनेश ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी गर्भवती है। काफी समय से डिप्रेशन में थी। कुछ समय से वह मायके बाणगंगा में थी। बुधवार को ही वह उसे समझाकर घर लेकर आया। रात 12 बजे तक दोनों बात कर रहे थे। इसके बाद उसकी नींद लग गई। पुलिस ने बताया कि फिलहाल मामला संदिग्ध है। पुलिस के मुताबिक ससुराल पक्ष के बयान के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

साइबर ठगी के नए-नए तरीके

## जनवरी से अब तक 10 करोड़ रुपए की साइबर ठगी, 3 करोड़ रु. ही रिटर्न करा पाई पुलिस

**शहर में तेजी से साइबर ठगी के मामले बढ़ रहे हैं। इसके लिए ठग नए-नए तरीके आजमा रहे हैं। क्राइम ब्रांच के अनुसार, जनवरी से लेकर अब तक 6 हजार ठगी के मामले सामने आ चुके हैं। इनमें अब तक 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी हो चुकी है, जबकि पुलिस केवल 3 करोड़ रुपए ही पीड़ितों को रिटर्न दिला पाई। ठग लोग टेलिग्राम पर लोगों को टास्क दे रहे हैं, ओएलएक्स पर सामान बेचने का लालच देकर झांसे में ले रहे हैं।**

### ऑनलाइन गेमिंग से भी हो रही ठगी

ऑनलाइन गेमिंग से बच्चों को ठगा जा रहा है। इसमें बच्चे कुछ गेम खेलते हैं। उनसे गेम में पैसा मांगा जाता है। बच्चे बिना पैरेंट्स को बताए उसमें यूपीआई और कार्ड डिटेल जोड़ देते हैं, जिससे ठग लोग लाखों रुपए अकाउंट से उड़ा लेते हैं।

### रुपए भेजने के नाम पर ठगा

इंदौर की ही युवती से 20 हजार की ठगी हुई। युवती को फोन पर कहा गया कि गलती से आपके खाते में 20 हजार रुपए भेज दिए हैं। आप हमें 5-5 हजार करके भेज दें। ठगों ने 10 हजार भेजे थे। हमने 20 हजार भेज दिए। इसके बाद



उन्होंने मोबाइल बंद कर लिया।

### सामान बेचने के नाम पर फ्रॉड

इंदौर के शुभम से ओएलएक्स पर घर का समान बेचने के नाम पर 1 लाख 56,320 रुपए ठग लिए। ठगों ने खुद को आर्मी का ऑफिसर बताया और समान भिजवाने के नाम पर 40-50 हजार रुपए की मांग की। ऐसा करके 1 लाख 50 हजार से ज्यादा उससे ठग लिए।

### एनएफटी बनाकर ठगा

बीते दिनों शहर में एक युवती के साथ इंस्टाग्राम पर ठगी हो गई। युवती ने अपनी पेंटिंग बेचने के लिए इंस्टाग्राम पर पेंटिंग लगाई थी और उसे एनएफटी से जोड़ा था। उसमें ठग ने एनएफटी के माध्यम से युवती से लाखों रुपए ठग लिए।

## एसआई के बेटे ने किया सुसाइड-रात में फंदे पर झूला, भाई दूज मनाकर उज्जैन से लौटा था परिवार

इंदौर के एक एसआई के बेटे ने मंगलवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कनाड़िया पुलिस के मुताबिक अभी प्रारंभिक जांच में किसी तरह की परेशानी की बात सामने नहीं आई है। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। एसआई कनाड़िया थाना क्षेत्र के बिचौली हप्सी स्थित पुलिस लाइन में रहते हैं।

पुलिस के मुताबिक अमित (27) पुत्र मांगीलाल धुर्वे ने मंगलवार रात अपने घर के हॉल में फांसी लगाकर जान दे दी। बड़ा भाई अजीत जब देर रात करीब साढ़े 12 बजे के लगभग उज्जैन से घर पहुंचा तो अमित को आवाज दी। दरवाजा नहीं खोलने पर काफी देर बाद खिड़की से देखा तो वह फंदे पर लटक रहा था।

### पिता और परिवार अंदर ही सोए थे

बड़े भाई अजीत ने बताया कि दोपहर में वह विजय नगर भाई दूज पर बुआ के यहां गए थे। इसके बाद उनके दो बच्चों को लेकर अमित बाइक से घर आ गया। शाम को 6 बजे वह कार लेकर उज्जैन चले गए। घर पर पत्नी, मां और पिता सभी मौजूद थे। रात में सब अपने कमरों में सोए थे। जबकि अमित हाल में ही सोता था। उसने हॉल में ही फांसी लगाई इसलिए घर के किसी सदस्य को पता नहीं चला।


### पिछले माह ही एसआई पिता को आया लकवा

अमित के पिता मांगीलाल जीआरपी पुलिस में ही एसआई के पद पर हैं। 6 अक्टूबर के दिन ड्यूटी पर ही उन्हें लकवे का अटैक आ गया। इसके बाद कुछ दिन उनका अस्पताल में उपचार चला। अभी वह छुट्टी पर चल रहे हैं। वह ठीक से चलने-फिरने की स्थिती में नहीं हैं।

### फर्नीचर के शोरूम पर जाता था

बताया जाता है कि अमित ने पढ़ाई छोड़ दी थी। पिता ने उसे काम का कहा तो वह फर्नीचर के शोरूम पर काम करने लगा। दीपावली के चलते वह दो दिनों से घर पर ही था। परिवार के मुताबिक उसे किसी तरह का तनाव या दिक्कत भी नहीं थी। कनाड़िया पुलिस के मुताबिक परिवार के बयान के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## चलते पिकअप से गेट सहित गिरा युवक पीछे से आ रही कार ने कुचला, मौत




इंदौर के तीन इमली पर मंगलवार को एक हादसे में युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि वह पिकअप वाहन का पीछे का गेट खुलने पर नीचे आ गिरा। इस दौरान पीछे से आ रही कार का पहिया उस पर चढ़ गया। जिसमें उसकी मौत हो गई।

भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक घटना तीन इमली ब्रिज के यहां की है। यहां गोलू पुत्र बलराम यादव निवासी व्यास नगर की हादसे में मौत हो गई। पिकअप के गाड़ी मालिक सौरभ ने बताया कि गोलू को वह झलारिया से माल लाने के लिये अपने साथ ले गया। माल गाड़ी में लोड करने के बाद गोलू गेट पर बैठ गया।

इस दौरान तीन इमली के यहां गेट टूटकर नीचे गिरा। इस पर बैठा गोलू भी गेट के साथ नीचे जा गिरा। तभी पीछे से आ रही कार का पहिया गोलू के सिर पर चढ़ गया। गंभीर हालत में उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन यहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। गोलू के परिवार में उसका एक भाई और पिता हैं। मां की काफी समय पहले मौत हो चुकी है। पुलिस लापरवाही के मामले में जांच कर रही है।

# भारत ने मैनचेस्टर का बदला मुंबई में चुकता किया, धोनी के दुख का बदला रोहित ने लिया

रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने 4 साल पहले मैनचेस्टर के मैदान पर मिली न्यूजीलैंड के हाथों वर्ल्ड कप सेमीफाइनल की हार का बदला मुंबई में ले लिया है. रोहित शर्मा ने पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के आंसुओं का बदला भी न्यूजीलैंड से ले लिया है. मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में बुधवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 70 रनों से कूटकर फाइनल का टिकट कटा लिया है।

### भारत ने मैनचेस्टर का बदला मुंबई में चुकता किया

वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल मुकाबला 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा. फाइनल में भारत का सामना दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से होगा. विराट कोहली ने वनडे में शतकों का अर्धशतक पूरा करके सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जबकि मोहम्मद शमी ने सात विकेट लेकर गेंदबाजी में फिर से कमाल दिखाया, जिससे भारत ने न्यूजीलैंड को 70 रनों से हराकर सेमीफाइनल में हारने के मिथक को तोड़कर चौथी बार वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बनाई. भारत इससे पहले 1987, 1996, 2015 और 2019 में सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाया था।

### भारत चौथी बार वर्ल्ड कप के फाइनल में

अहमदाबाद में रविवार को होने वाले फाइनल में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा. दो बार का चैंपियन भारत इससे पहले 1983, 2003 और 2011 में फाइनल में पहुंचा था. भारत की तरफ से कोहली ने 117 गेंदों पर 113 रन, जबकि श्रेयस अय्यर ने 70 गेंद पर 105 रन बनाए. इन दोनों ने 128 गेंद पर 163 रन जोड़े. इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा ने 29 गेंद पर 47 रन की तूफानी पारी खेल कर भारत को तेज शुरुआत दिलाई जबकि बीच में रिटायर्ड हर्ट होने वाले शुभमन गिल ने अंतिम ओवर में वापसी की और कुल 66 गेंद पर नाबाद 80 रन की पारी खेली. केएल राहुल 20 गेंद पर 39 रन बनाकर नाबाद रहे।

### शमी के 7 विकेट्स ने पलट दिया मैच



न्यूजीलैंड का स्कोर एक समय दो विकेट पर 39 रन था जिसके बाद डेरिल मिचेल (119 गेंद पर 134) और कप्तान केन विलियमसन (73 गेंद पर 69 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 181 रन की साझेदारी की. मिचेल ने अपनी पारी में नौ चौके और सात छक्के लगाए. शमी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 57 रन देकर सात विकेट लेकर भारतीय रिकॉर्ड बनाया. यह पहला अवसर है जबकि भारत के किसी गेंदबाज ने वनडे मैच में सात विकेट हासिल किए.

### कोहली ने तोड़ा सचिन का रिकॉर्ड



कोहली ने 106 गेंद पर अपना शतक पूरा करके तेंदुलकर के सामने उनका वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक शतक का रिकॉर्ड तोड़ा. वह वनडे में शतकों का अर्धशतक पूरा करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं. उन्होंने इस पारी के दौरान किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने के तेंदुलकर (2003 में 673 रन) का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया. कोहली के खिलाफ न्यूजीलैंड ने शुरू में ही एलबीडब्ल्यू के लिए डीआरएस लिया था. इसके अलावा कोवी गेंदबाज उन्हें किसी भी समय परेशान नहीं कर पाए. उन्होंने सहजता से रन बटोरे और टिम साउदी की गेंद पर डीप स्क्वायर लेग में कैच देने से पहले अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाए।

### अय्यर ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया



पिछले मैच में शतक जड़ने वाले अय्यर ने अपनी उसी लय को बरकरार रखा और अपने घरेलू मैदान वानखेड़े में छक्कों की बौछार करके दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया. उन्होंने साउदी पर छक्का लगाने के बाद अगली गेंद पर एक रन लेकर 67 गेंद पर अपना शतक पूरा किया. यह वर्ल्ड कप के नॉकआउट चरण में सबसे तेज शतक है. अय्यर इसके बाद ट्रेंट बोल्ट की गेंद पर लॉन्ग ऑफ पर कैच देकर पवेलियन लौटे. अय्यर ने अपनी पारी में चार चौके और आठ छक्के लगाए. वह वर्ल्ड कप में एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं. भारत की तरफ से इस मैच में 19 छक्के लगे जो वर्ल्ड कप में उसका नया रिकॉर्ड है।


RESIDENTIAL PLOTS
FOR SALE

SATGURU NAGAR
INDORE - KHANDWA ROAD



तुरन्त रजिस्ट्री। तुरन्त पजेशन

PLOT SIZE:-
12*50 = 600, SQFT
15*40= 600SQFT
15*50= 750SQFT
20*50= 1000 SQFT

1111/- SQFT
Book an appointment now:
8889066688, 9109639404

WWW.GATEWAYGHAR.IN

# इंदौर में छठ महापर्व 17 से 20 नवंबर तक

# 90 से अधिक स्थानों पर होगा आयोजन, घाटों और कुंडों की चल रही सफाई

**सूर्य उपासना का सबसे बड़ा पर्व चार दिवसीय छठ महोत्सव की शुरुआत 17 नवंबर को नहाय खाय के साथ होगी। इस दिन छठ व्रतियों एवं उनके परिजन द्वारा घर की सफाई कर उसे शुद्ध किया जाएगा। उसके पश्चात छठ व्रती स्नान कर शुद्ध सात्विक भोजन ग्रहण कर व्रत की शुरुआत करेंगे। व्रती के भोजन ग्रहण करने के बाद घर के बाकी सदस्य भोजन ग्रहण करेंगे। नहाय खाय के दिन व्रती महिलाएं गेहूं धोने व सुखाने का काम करेंगी।**

पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर जगदीश सिंह और महासचिव केके झा ने बताया कि छठ महापर्व के दूसरे दिन 18 अक्टूबर को खरना का आयोजन होगा, जिसके अंतर्गत सुबह व्रती स्नान-ध्यान करके पूरे दिन का व्रत रखेंगे। इसी दिन संध्याकाल व्रतियों द्वारा मिट्टी के बने नए चूल्हे पर आम की लकड़ी से पूजा के लिए गुड़ से बनी खीर एवं गेहूं की रोटी के प्रसाद का भोग लगाया जाएगा। इस प्रसाद को ग्रहण करने के पश्चात शुरू होगा छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास। खरना के अगले दिन छठ व्रतियों के घरों में भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए प्रसाद भी बनाया जाएगा।

छठ महापर्व के तीसरे दिन 19 नवंबर कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को व्रती महिलाएं एवं पुरुष अस्ताचलगामी सूर्य देव को अर्घ्य देंगे। छठ महापर्व का समापन 20 नवंबर को श्रद्धालुओं द्वारा उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद होगा।

शहर के 90 से अधिक स्थानों पर होगा छठ महापर्व का आयोजन

ठाकुर जगदीश सिंह और केके झा ने बताया कि इस वर्ष पूरे शहर में कई स्थानों पर छठ महापर्व का आयोजन किया जा रहा है। छठ आयोजन समितियों द्वारा दिवाली के पश्चात से छठ घाटों की सफाई शुरू कर दी गई है। शहर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष स्कीम न 54, 78, बाणगंगा, सुखलिया, श्याम नगर, तुलसी नगर, समर पार्क, अमृत पैलेस, पिपलियाहाना तालाब, कैट रोड, कालानी नगर , एरोड्रम रोड, सिलिकॉन सिटी देवास नाका, निपानिया, राउ, पीथमपुर सहित 90 से अधिक स्थानों पर छठ पूजा का आयोजन होता है।यहां रह रहे बिहार, झारखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के श्रद्धालुगण डूबते एवं उगते सूर्य को अर्घ्य देते हैं।

छठ महापर्व के कार्यक्रम



17 नवंबर- नहाय खाय से छठ पूजा का प्रारंभ।
18 नवंबर- खरना।
19 नवंबर- छठ पूजा, अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा
20 नवंबर- उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा, इसके साथ छठ पूजा का समापन।



## आकार लेने लगा भंवरकुआ ब्रिज-जीएससी वाली लेन में पैनल लगना शुरु

भंवरकुआं ब्रिज की एक लेन में पिलर और पियर कैप लगाने का काम पूरा होने के बाद अब पैनल को फिट करना शुरू कर दिया गया। आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज (जीएसीसी) वाली लेन में ब्रिज पर चढ़ाव के लिए पैनल जमीन में लगना शुरू हो गई है। कैरेज के लिए खुदाई भी होने लगी है। पैनल लगने के साथ ही ब्रिज का आकार दिखने लगा है।

पहले जीएसीसी के सामने वाले लेन में लगना शुरू किए गए हैं। इसके बाद होलकर कालेज वाली लेन में काम शुरू किया जाएगा। दिसंबर तक एक लेन पूरी तरह से दिखने लगेगी। आईडीए ने अगले साल जुलाई-अगस्त तक ब्रिज को पूरा करने का टारगेट लिया है।

## प्रचार का शोर थमाकिसी प्रत्याशी ने खुद ही ढोल बंद कराए, कोई बैठक तो कोई रैली में था



प्रचार का आखिरी समय। प्रत्याशियों में गजब की फुर्ति दिख रही थी। तेज चाल के जनसंपर्क में कहीं भी रुकने की गुंजाइश नहीं। बस फूलमाला पहनी और फटाफट आगे बढ़ गए। आखिरी के दो मिनट तो जैसे नेताजी भागने लगे। घड़ी में जैसे ही शाम 5 बजे, जो जहां था, वहीं थम गया। ढोल-ताशे, डीजे बंद हो गए। इसके बाद जो कुछ घर बचे बिना शोरशराबे के मौन जनसंपर्क किया और फिर कारवां कार्यालय के लिए रवाना हो गया।

## इंदौर स्पोर्ट्स क्लब ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया



**इंदौर।** इंदौर स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब द्वारा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। समारोह में क्रिकेटर रवि कोहली, शुभम शर्मा, मिहिर हिरवानी, हर्षित यादव और टेबल टेनिस खिलाड़ी तान्या पांडे का विधायक रमेश मेंदोला, पूर्व क्रिकेटर नरेंद्र हिरवानी, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर और रजत पाटीदार ने सम्मान किया।

इस मौके पर पूर्व न्यायाधीश मधुसूदन पांडे, लालचंद भाटी, गुलाब शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बीपीएस परिहार, रमेश जैन, रमणीक जैन का भी सम्मान किया गया। इस दौरान क्लब उपाध्यक्ष राजू सिंह चौहान, हुकुम चौकसे, अनिल मौर्य, सुनील तोमर, विजय जैन, ईश्वर चौधरी, पंकज जादौन और मनीष दुबे भी मौजूद थे।

### मंडियों में हुए मुहूर्त के सौदे

## सज-धजकर बैंड-बाजे के साथ पहुंचे व्यापारी; वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गणेश-महालक्ष्मी पूजन किया

**शहर की मंडियों में बुधवार को शुभ मुहूर्त में लक्ष्मी पूजा और मुहूर्त के सौदे के साथ नए कारोबारी वर्ष की शुरुआत की गई। सभी व्यापारियों ने एक-दूसरे को दीपावली की बधाई देने के साथ ही मंडी में आए किसानों का स्वागत भी किया। मंडियों में सभी व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों पर मुहूर्त में पूजन किया।**

छह दिनी दीपावली अवकाश के बाद लक्ष्मीबाई नगर अनाज मंडी में मुहूर्त सौदों का शुभारंभ हुआ। मुहूर्त सौदों के लिए सुबह 8.11 बजे पूजन के बाद मंडी के कामकाज शुरू किए। श्री कृषि उपज व्यापारी संघ लक्ष्मीबाई नगर अनाज मंडी के मंत्री आनंद गर्ग ने बताया मुहूर्त सौदे से पहले गणेशजी व महालक्ष्मी का पूजन किया गया।

इस दौरान पूरी मंडी में उत्सवी माहौल रहा। व्यापारी संघ की ओर से 200 से ज्यादा व्यापारियों के सिर पर साफे बंधवाए गए। सुबह 8.31 बजे महालक्ष्मी पूजन कर व्यापारियों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुंह मीठा करवाया। आतिशबाजी के बीच ढोल-ढमाके और बैंड-बाजे की सुरलहरियों के बीच व्यापारी नीलामी स्थल पर पहुंचे।



स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने वीडियो कांफ्रेंस से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को 17 नवंबर को मतदान को लेकर जिलों में की जा रही तैयारियों के दिये आवश्यक निर्देश

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बुधवार को प्रदेश के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर विधानसभा निर्वाचन- 2023 में 17 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर जिलों में की जा रही तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। साथ ही सभी जिलों में मतदाताओं को बीएलओ द्वारा वितरित की जा रही मतदाता सूचना पर्ची एवं वोटर गाइड वितरण की समीक्षा की।**



श्री राजन ने कहा कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी मतदान केंद्रों में विद्युत की समुचित व्यवस्था हो, ताकि मतदान कराने और मतदान के पश्चात की सभी प्रक्रियाएं निर्बाध रूप से सम्पन्न हो सकें। मेडिकल किट भी उपलब्ध रहे यह पहले ही सुनिश्चित कर लिया जाए। चुनाव प्रचार प्रदेश में 15 नवंबर को शाम 6 बजे से एवं बालाघाट, मंडला और डिंडोरी जिले में दोपहर 3 बजे बंद हो चुका है।

श्री राजन ने निर्देशित किया कि राजनीतिक प्रचार समाप्त हो जाने के पश्चात भी एफएसटी, एसएसटी, क्यूआरटी व पुलिस निगरानी दल पूरी सक्रियता के साथ अपनी कार्यवाही जारी रखें।

होटल, लॉज, धर्मशाला, सराय, रेस्ट हाउस और सर्किट हाउस की सघन जांच कराएं

श्री राजन ने कहा कि यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि प्रचार थमते ही प्रचार के लिए विधानसभा क्षेत्रों में रुके राजनीतिक गतिविधियों से जुड़े बाहरी व्यक्ति विधानसभा क्षेत्र से बाहर चले जाएं। साथ ही सभी होटल, लॉज, धर्मशाला, सराय, रेस्ट हाउस और सर्किट हाउस की सघनता से जाँच करा ली जाएं और राजनीतिक गतिविधियों से जुड़े बाहरी व्यक्तियों को क्षेत्र छोड़ने के लिये निर्देशित करें। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से शुष्क दिवस रहेगा। सभी जिला निर्वाचन अधिकारी इस प्रावधान का सख्ती से पालन कराएं।

श्री राजन ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिये स्वीप गतिविधियां बढ़ाने और हर मतदाता वोट करने मतदान केन्द्र तक आएं ऐसे प्रयास करने के निर्देश दिए। श्री राजन ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक, पारदर्शी, शांतिपूर्ण और प्रभावी निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिये सभी जिला निर्वाचन अधिकारी सदैव सम्पर्क में रहें। स्थानीय मीडिया से सतत् संवाद बनायें रखे और जानकारियों का तेजी से आदान-प्रदान करते रहें, ताकि गलत और भ्रामक खबरों पर तत्काल अंकुश लग सकें।

वीडियो कांफ्रेंसिंग में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राकेश सिंह, श्रीमती रूचिका चौहान, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रमोद शुक्ला उपस्थित थे।

## 16 एवं 17 नवम्बर को एयर एम्बुलेंस और हेलीकॉप्टर आकस्मिक सेवाओं के लिये तैनात रहेंगे

विधानसभा निर्वाचन-2023 के सुचारू संचालन के लिये एक एयर एम्बुलेंस और 2 हेलीकॉप्टर 16 एवं 17 नवम्बर को आकस्मिक सेवाओं के लिये तैनात रहेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि एक एयर एम्बुलेंस मतदान दिवस से पहले 16 नवम्बर को सुबह 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक गोंदिया (महाराष्ट्र) में तथा इसके पश्चात गोंदिया से रवाना होकर 17 नवम्बर मतदान सम्पन्न होने तक जबलपुर में उपलब्ध रहेंगी। इसके बाद यह एयर एम्बुलेंस गोंदिया के लिये रवाना हो जायेगी। इसी प्रकार एक हेलीकॉप्टर 16 एवं 17 नवम्बर को मतदान सम्पन्न होने तक बालाघाट में रखा जाएगा एवं एक अन्य हेलीकॉप्टर भोपाल में पूरे समय उपलब्ध रहेगा। एयर एम्बुलेंस और हेलीकॉप्टर का उपयोग आवश्यकता होने पर किसी भी प्रकार की आकस्मिक सेवाओं के लिये किया जाएगा। विमानन संचालनालय ने कलेक्टर बालाघाट, जबलपुर, भोपाल एवं एयरपोर्ट डायरेक्टर गोंदिया को इस संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएँ करने के लिये निर्देशित किया है।



# सलमान खान- कैटरीना कैफ की फिल्म ने 4 दिन में कमाए 160 करोड़ रुपये



**दिवाली पर रिलीज़ हुई सलमान खान और कैटरीना कैफ की नवीनतम फिल्म टाइगर 3 ने जबरदस्त शुरुआत की और हर दिन बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के साथ मजबूत हो रही है। पठान और जवान के बाद यह 2023 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक थी। टाइगर 3 फ्रएक था टाइगरफ्र और फ्रटाइगर जिंदा हैफ्र के बाद तीसरा इंस्टॉलेशन है। कालानुक्रम में वॉर और पठान के नवीनतम संस्करण के बाद यह आदित्य चोपड़ा के जासूसी ब्रह्मांड की पांचवीं स्थापना भी है।**

दुनिया भर में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने के बाद, टाइगर 3 ने एक और मील का पत्थर पार कर लिया है। सैकनिल्क के शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, जासूसी कार्रवाई ने भारत में अपने चौथे दिन सभी भाषाओं में लगभग ?20.1 करोड़ की कमाई की है। फिल्म ने भारत में अब तक 168 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. बुधवार को फिल्म की ओवरऑल ऑक्यूपेंसी रेट ओवरऑल 18.78% हिंदी ऑक्यूपेंसी रही।

सैकनिल्क के अनुसार, जासूसी थ्रिलर ने दिवाली के दिन 44.5 करोड़ के साथ ओपनिंग की, जो सलमान खान की अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग भी है। फिल्म ने दूसरे दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 59 करोड़ और तीसरे दिन 42.5 करोड़ की कमाई की।

टाइगर 3 के बारे में

टाइगर 3 में सलमान खान और कैटरीना कैफ के अलावा इमरान खान मुख्य भूमिका में हैं। इसमें रेवती, रिद्धि डोगरा, रणवीर शोरी, कुमुद मिश्रा, अमित बशीर और विशाल जेठवा भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। टाइगर 3 एक था टाइगर और टाइगर जिंदा है का सीक्वल है और वॉर और पठान के अलावा वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पांचवीं फिल्म है। इसमें कबीर के रूप में ऋतिक रोशन और पठान के रूप में शाहरुख खान का कैमियो भी है।

## नाना पाटेकर ने सेल्फी लेने आये फैन को मारा थप्पड़



एक वायरल वीडियो में नाना पाटेकर को भूरे रंग के ब्लेज़र और टोपी में वाराणसी के दशाश्वमेध घाट की ओर जाने वाली सड़क पर अपनी अगली फिल्म जर्नी की शूटिंग करते हुए दिखाया गया है। इसमें दिखाया गया है कि जब एक लड़का नाना के पीछे से आता है और उनके साथ सेल्फी लेने लगता है, तो जैसे ही नाना को पता चलता है कि लड़का क्या कर रहा है, नाना उसके सिर के पीछे से जोर से तमाचा मार देते हैं। इसके बाद नाना के बगल में खड़ा क्रू मेंबर उस लड़के की गर्दन पकड़ लेता है और उसे सेट से बाहर निकाल देता है।

